(ख) क्या संसद् की अन्य कार्यवाहियों को दूरदर्शन पर दिखाये जाने की कोई योजना है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) चूंकि, दूरदर्शन द्वारा संसद् के प्रश्नकाल का टेलीकास्ट प्रायोगिक आधार पर मौजूदा हार्डवेयर साधनों का पूल बनाकर शुरू किया गया है, इसलिए इस पर होने वाले व्यय का अनुमान नहीं लगाया गया।

(ख) और (ग) संसद् की अन्य कार्यवाहियों को टेलीकास्ट करने का निर्णय, दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों से परामर्श करने के बाद ही लिया जाएगा।

दूरदर्शन से उर्दू और संस्कृत में समाचारों का प्रसारण

3231. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूरदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में उर्दू/संस्कृत में समाचारों का प्रसारण किया जाता है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार दूरदर्शन पर उपर्युक्त दोनों भाषाओं में समाचार प्रसारित करने का विचार रखती है और यदि हां, तो ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, नहीं। जनसांख्यिकी प्रणाली प्रसारण समय, साधनों तथा जनशक्ति की कमी जैसी कठिनाइयों के कारण राष्ट्रीय नेटवर्क पर उर्दू तथा संस्कृत में समाचार बुलेटिन टेलीकास्ट करना संभव नहीं हो पाया है।

(ख) जी, नहीं। फ़िलहाल, इस प्रकार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

Financing of T.V. Serials

3232. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the number of T.V. serial financed during the last two years for telecast on prime time; and

(b) the norms adopted for passing these serials?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) 15 serials financed by Doordarshan were telecast on prime time during this period.

(b) Such serials are approved based on *inter alia* the following broad criteria;

(i) Storyline and its contemporary relevance;

(ii) Treatment of the theme;

(iii) Overall competence of the technical crew and reflection thereof in the production; and

(iv) Relevance to Doordarshan's programme requirements.

"हे निर्वीक" नामक पुस्तक के प्रकाशन पर आपत्ति

3233. **श्रीमती वीणा वर्मा :**
श्री कपिल वर्मा :
श्रीमती बसन्ती शर्मा :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रकाशन विभाग ने श्री सोमनाथ घोष द्वारा लिखित "हे निर्वीक" नामक पुस्तक प्रकाशित की है; यदि हां, तो इस पुस्तक को कब प्रकाशित किया गया था; और

(ख) क्या यह सच है कि इस पुस्तक के बारे में भूतपूर्व मंत्री को कुछ आपत्तियां प्राप्त हुई थी और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?